भारत-पाक युद्ध से प्रभावित हुए पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों पर किया गया व्यय

4234. श्री अटल बिहारी वाजपेयी :
श्री जगन्नाथ राव जोशी :

क्या श्रम और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या गत भारत-पाक युद्ध से प्रभावित पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रो पर केन्द्रीय सरकार ने पहले ही 12 66 करोड़ रुपये का व्यय कर दिया है,

(ख) क्या पंजाब सरकार ने केन्द्रीय सरकार का ध्यान इस बात की ओर आकर्षित किया है कि उक्त क्षेत्रो पर 16 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि व्यय किये जाने की आवश्यकता है, और

(ग) केन्द्र द्वारा दी गई तथा दी जाने वाली सहायता से पंजाब के इन सीमावर्ती क्षेत्रो मे और जम्मू के छम्ब-जोरिया क्षेत्र मे अब तक क्या पुनर्वास कार्य किया गया है ?

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री रघुनाथ रेड्डी) : (क) 1971 के भारत-पाक युद्ध से प्रभावित सीमावर्ती क्षेत्रो के भारतीय राष्ट्रिको को निर्धारित दरो पर अनुग्रह पूर्वक राहत और पुनर्वास सहायता देने के लिए भारत सरकार ने पंजाब सरकार को खर्च करने के अधिकार दे दिये हैं। इस बारे मे राज्य सरकार द्वारा किये गये सम्पूर्ण खर्च की प्रतिपूर्ति भारत सरकार द्वारा की जाती हैं।

पंजाब सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार 28-2-1973 तक इस प्रयोजन के लिए पंजाब सरकार ने 13.14 करोड़ रुपये खर्च किये हैं।

(ख) जी, नहीं, किन्तु पंजाब सरकार के जो क्षेत्र अब पाकिस्तानी सेना द्वारा खाली किये गये हैं उनके पुनर्निर्माण तथा पुनर्व्यवस्थापन के लिए लगभग 8 00 करोड़ रुपये की योजनाएं तैयार की हैं। इन योजनाओं की जांच कर ली गई है और आवश्यक स्वीकृतियां जारी की जा रही हैं।

इसके अतिरिक्त, इन क्षेत्रो के विस्थापित व्यक्तियो को तब तक नकद अनुदान मिलता रहेगा जब तक कि वे एक फसल काट नहीं लेते।

(ग) पंजाब तथा जम्मू और काश्मीर की सरकारो ने 28-2-1973 और 14-3-1973 तक क्रमशः 13 14 करोड़ और 8 94 करोड़ रुपये खर्च किये है। यह आशा की जाती है कि इन विस्थापित व्यक्तियो का पुनर्व्यवस्थापन पंजाब मे लगभग 3 से 4 महीनो के अन्दर तथा भूमि उपलब्ध होने पर जम्मू और काश्मीर मे मार्च, 1974 तक पूरा हो जायेगा।

सरकार की विभागीय संस्थाओं को कुछ निश्चित दरों पर बोनस का दिया जाना

4235. श्री अटल बिहारी वाजपेयी :
श्री जगन्नाथ राव जोशी :

क्या श्रम और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या संसद सदस्यो की सलाहकार समिति ने हैदराबाद मे लगभग सर्वसम्मति